हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 8 जुलाई 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 नरबलि मामले की गुत्थी सुलझाना पुलिस के...



07 ईसीसीई शिक्षा, एक सुर में बोलने के बजाय...



## श्मशान घाट के लिए आरक्षित जगह पर दबंगों का कब्जा

# बारिश के बीच तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार करने को मजबूर ग्रामीण, गांव में श्मशान घाट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालथौन

सरकार विकास के नाम पर ग्राम पंचायतों को सालाना करोड़ों का बजट भेज रही है लेकिन जमानी हकीकत इसके कही उलट नजर आती है। जिसका उदाहरण शुक्रवार को जब देखने को मिला जब जिले की मालथौन तहसील के हड़ुआ ग्राम पंचायत के गाडौली गांव से मानवता को शर्मशार कर देने वाली तस्वीर सामने जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में मृतक का अंतिम संस्कार तिरपाल के नीचे लोग करते दिखाई दे रहे हैं। श्मशान घाट नहीं होने के कारण बारिश के बीच मजबूरन लोग दाह संस्कार करने मजबूर हुए है। जानकारी के अनुसार सोनी यादव का शुक्रवार को बीमारी के चलते निजी अस्पताल में निधन हो गया था। शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय लगातार हो रही बारिश और रास्ते की खराब हालत ने परिजनों को परेशान कर दिया। गांव में श्मशान नहीं होने के कारण गांव ले लोग वन विभाग की खाली पड़ी भूमि पर दाह संस्कार को मजबूर हैं। बारिश के कारण लकड़ियां भी जलने में दिक्कत कर रही थीं, ऐसे में गांव के लोग तिरपाल तानकर खड़े हुए और उसी के नीचे अंतिम संस्कार किया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ग्राम पंचायत के सरपंच राजकुमार ने बताया कि श्मशान घाट के लिए गडौली गांव के बीच में ही तीन खसरा नंबर पर कुल 0.66 हे.जगह आरक्षित हैं। बीते साल पंचायत द्वारा सीमांकन भी कराया गया था लेकिन गांव के लोगों द्वारा कब्जा नहीं छोड़ा गया जिससे श्मशान घाट नहीं बन सका हैं। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद तहसीलदार ने एक हफ्ते में जगह देने की बात कही हैं।



### 55 साल बाद भी विकास से दूर है गांव

विसराहा ग्राम पंचायत से अलग होकर 55 साल पहले हड़ुआ को ग्राम पंचायत बनाया गया था जिसमें पांच गांव शामिल किए गए थे। तब से करोड़ों रुपए विकास कार्य के नाम पर पंचायत में खर्च होते रहे। अनेक जनप्रतिनिधि चुने गए लेकिन अभी तक गांव में शमशान घाट नहीं बना सके हैं।वर्तमान सरपंच भी दो साल से ज्यादा समय से सरपंची देख रहे हैं लेकिन उन्होंने भी खास प्रयास नहीं किया बस कब्जे की बात बोलकर अपना पल्ला झाड़ लिया हैं। अब देखना है कि प्रशासन कब तक इस गंभीर घटना के बाद गांव की सुध लेता हैं।

# सर्प-दंश पर घरेलू उपचार न करें तत्काल चिकित्सीय उपचार कराएं: कलेक्टर

### सर्प-दंश से जन-सामान्य के बचाव के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। बारिश के मौसम में बढ़ने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है, जिसमें जनजागरूकता, आपात कालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में प्रशिक्षित सर्प मित्र और स्नेक-कैचर्स की तैनाती की जाएगी, जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी-वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके।

जनजागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी जाएगी। घरों के आसपास सफाई रखने, झाड़ियों को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है। पर्यटन स्थलों पर सर्प अधिकता क्षेत्रों को चिह्नित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रावधान किया गया है। कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले की जनता से अपील की गई है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देसी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा गोल्डन आवर यानि जीवन रक्षक होता है। साथ ही, सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दें।

## खबर संक्षेप



### कांवड़ यात्रा के पहले नर्मदा मैया की पूजा-अर्चना की

**सागर**। कावड़ यात्रा के पहले आज तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा सागर के पदाधिकारियों ने बरभान पहुंचकर नर्मदा मैया की पूजा अर्चना कर श्रीफल अर्पण किया। इस अवसर पर तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया, ब्रजमोहन पाठक, जुगल किशोर पचौरी, सचिन साहू, विकास राजपूत, नरेंद्र पाराशर उपस्थित रहे।

### घटनाएं रोकने एलिवेटेड कॉरिडोर पर जालियां लगाए प्रशासन: यादव

**सागर**। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौरी सिंह यादव ने जिला एवं निगम प्रशासन से मांग की है कि तालाब के एलिवेटेड कॉरिडोर पर तत्काल प्रभाव से सुरक्षा जालियां लगाई जाएं। उन्होंने कहा कि पुरवयाऊ निवासी राजपूत का निधन दुखद है, इसके पहले भी इतवारी वार्ड के युवक सहित कई लोग कॉरिडोर से तालाब में कूदकर जान दे चुके है। एलिवेटेड कॉरिडोर बनने के बाद तालाब में लगातार घटनाएं हो रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। धीरे धीरे कॉरिडोर आत्मत्या का स्पॉट बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने 15 दिवस में सुरक्षा जालियां लगाने का काम शुरू नहीं किया तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी।

### मोहर्रम पर सेवादल ने किया बलिदान को नमन

**सागर**। मोहर्रम के मौके पर किन्नर ताजिया बनाने की परम्परा कई सदियों से मनाते आ रहे है। इसी कड़ी में सागर में भी किन्नर लगातार इस परम्परा को निभाते आ रहे हैं। सागर की इतवारी टौरी ,रंगमहल से इमाम हुसैन की शहादत को श्रृद्धांजली देने के लिए ताजिया तैयार कर उन्हें शहर में विभिन्न मार्गो से सुपुर्द ए खाक करने निकाला गया। शहर के तीनबत्ती पर शहर सेवादल के अध्यक्ष सिंटू कटारे ने ताजिया पर पुष्प माला अर्पित करके हुसेन की कुर्बानी को नमन किया। शहर सेवादल अध्यक्ष के साथ प्रकाश जाटव, लल्ला यादव, अन्नू घोषी, रवि जैन, पंकज सोनी, अंकुर यादव, रवि जैन, तरूण सैनी आदि उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंदों पर मिल रहा है प्रोटीन युक्त भोजन

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर जिले की 2633 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषणयुक्त भोजन वितरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से रोटी सहित अन्य भोजन आंगनवाड़ी में अध्ययनरत बच्चों को प्रदान किया जाने लगा है। विगत दिवस कलेक्टर संदीप जी. आर. ने निर्देश दिए थे कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान किया जाए जिसमें रंगीन रोटी के साथ-साथ सब्जी भी प्रोटीन युक्त रहे। इसी कड़ी में अब आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित होने वाली रोटी जिसमें मुनंगा सहित अन्य प्रोटीन का मिश्रण करके रोटी तैयार की जा रही है और सब्जी वितरित की जा रही है। इसी प्रकार दाल, सब्जी में भी मुनंगा एवं अन्य प्रोटीन डालकर तैयार कर परोसा जा रहा है। महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी. आर. की यह पहल आंगनवाड़ी में अध्यनरत बच्चों के लिए अच्छी लग रही है और इस खाने को देखकर लगातार केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति भी सुनिश्चित हो रही है।




### बच्चों की सफलता में उनके माता-पिता का अमूल्य योगदान है: शैलेंद्र जैन विधायक

**सागर**। जैन मिलन मकरोनिया सागर द्वारा रविंद्र भवन सभागार में किला स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान एवं शाखा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं विशिष्ट अतिथि जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री महेंद्र जैन कमलेंद्र जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद जी जैन उपस्थित थे जिनका सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। शाखा द्वारा कक्षा दसवीं, बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों, पीएससी एवं यूपीएससी में चयनित प्रतिभागियों सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद जी जैन एवं लोकतंत्र सेनानियों सर्व श्री ऋषभ जैन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जैन मिलन की नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि भारतीय जैन मिलन एक बहुत अच्छी संस्था है जो समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। आज इस संस्था के द्वारा समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एक बहुत अच्छा कार्य है जो इन बच्चों को प्रोत्साहित करने का कार्य करती है जो इन बच्चों को आगे जाकर आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने इन बच्चों के अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में उनके माता-पिता का बहुत बड़ा योगदान है। जब कोई बच्चा इम्तिहान देता है या रात को पढ़ाई करता है तो उसके मां-बाप रात को जाग-जाग कर उसकी चिंता करते हैं उन्हें नींद नहीं आती है। वह उसके लिए चाय पानी की व्यवस्था करते हैं तब कहीं जाकर बेटा बेटी सफल होता है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अध्यक्ष सुरेश जैन ने दिया। कार्यक्रम को महेंद्र कुमार जैन, कमलेंद्र जैन एवं ज्योति जैन ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र जैन, अरुण चंदेरिया, अशोक जैन पटवारी, दिनेश जैन कर्रापुर, हेमचंद जैन, रविंद्र जैन, रीता जैन सहित बड़ी संख्या में जैन मिलन के सदस्य उपस्थित थे।

# दो दिवसीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय सागर में दो दिवसीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित बाल वैज्ञानिकों ने अपने-अपने मॉडल से निर्णायकों को एवं अतिथियों को प्रभावित किया इस पूरे आयोजन में मूल्यांकन हेतु चार सदस्यीय निर्णायक दल ने मूल्यांकन किया। सत्र 2023 24 एवं 2024 25 के कुल 158 में से प्रदर्शनी में कुल 120 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल प्रदर्शित हुए। उनमें से 13 मॉडल राज्य स्तर के लिए चयनित किए गए। चयनित मॉडलों के बाल वैज्ञानिकों को सम्मानित करने हेतु अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अभय श्रीवास्तव एवं निर्णायक दल में प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक डॉ अनंत गुप्ता, प्रो. इमराना सिद्दीकी, प्रो. मधु स्थापक एवं असि. प्रोफेसर डॉ नीलेश राय तथा विभिन्न विद्यालयों के वरिष्ठ प्राचार्य उपस्थित रहे इस समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुधीर तिवारी ने इन नन्हे बाल वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा करते हुए नवीनीकरण एवं नवाचार की प्रेरणा दी। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अभय श्रीवास्तव ने कहा कि सभी उपस्थित बाल वैज्ञानिक विजेता है और अपने नवाचार लगातार करते रहें एवं समाज की समस्याओं को सुलझाने में अपना योगदान दें उन्होंने कहा कि इस वर्ष के इंस्पायर अवार्ड के आईडिया अपलोड करने की कार्यवाही भी प्रचलित है इसलिए समय पर सभी विद्यालयों के मार्गदर्शी शिक्षक और विद्यार्थी अपने-अपने आइडिया इंस्पायर अवार्ड मानक की साइट पर जरूर अपलोड करें और अगले वर्ष के लिए भी तैयार रहें। भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली से पधारे वैज्ञानिक डॉक्टर अनंत गुप्ता ने सभी विजेता बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी और लगातार नवाचार करने हेतु प्रेरित किया। दमोह जिले के मार्गदर्शी शिक्षक बहादुर सिंह एवं सागर जिले के मार्गदर्शी शिक्षक श्यामा चरण कुर्मी ने आयोजन की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए इन बाल वैज्ञानिकों को नवाचार के लिए प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दी। प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ मॉडल को तैयार करने वाली छात्रा किंजर अहिरवार एवं छात्र दिव्यांश जैन ने भी इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संपूर्ण आवास भोजन एवं व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और बहुत कुछ सीखने की बात कही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला विज्ञान अधिकारी आरपी अग्निहोत्री ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सहायक जिला विज्ञान अधिकारी राजीव तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्यों का आभार प्रदर्शन किया।






### हजरत इमाम हुसैन की याद में निकले ताजिया

**गढ़ाकोटा**। सागर जिले के गढ़ाकोटा में शहीदाने कर्बला हजरत इमामे हसन हुसैन की याद में गाजे, बाजे, अखाड़े के साथ बारिश कि फुहारों निकले ताजिया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए देर शाम कर्बला मैदान पहुंचे। जहां पर अखाड़े का प्रदर्शन किया गया इसी के साथ नगर की दोनों सवारिया ने शहर गस्त करते हुए कर्बला मैदान पहुंची। इस अवसर पर भाजपा नेता अभिषेक भार्गव कर्बला मैदान पहुंचे जहां उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की और हुसैन की शहादत को लेकर याद किया। इस अवसर शहर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष नासिर भाईजान, थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे, मनोज तिवारी, हाजी अनवर खान सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई।



### आफिस में भी घर जैसा आत्मीय माहौल बनाकर रखते थे प्रदीप पांडे: जेडी डॉ मनीष वर्मा

**सागर**। कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग सागर में सहायक ग्रेड दो के पद पर कार्यरत प्रदीप पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जेडी डॉ मनीष वर्मा ने कहा कि पाण्डेय ने माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती के दौरान सत्यापन जैसे कठिन कार्य सहित विभाग में 38 वर्ष तक निष्ठा और ईमानदारी से काम किया। उनकी खूबी यह थी कि वह आफिस में भी घर जैसा आत्मीय माहौल बनाकर रखते थे। समारोह के विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप पाठक ने कहा कि पाण्डेय मेरे छोटे भाई जैसे हैं और हमारा सालों पुराना नाता है। वे कभी किसी काम के लिए इंकार नहीं करते। हमेशा आशावादी रवैया उनका रहता है। संचालन करते हुए सहायक संचालक डॉ आशुतोष गोस्वामी ने कहा कि अगर पाण्डेय शासकीय सेवा में नहीं होते तो शायद एक अच्छे कलाकार होते। खास तौर से फुर्सत में वे मिमिक्री बहुत अच्छी करते हैं। इस मौके पर उपसंचालक श्रीकुमार व ट्रेज़री आफिस से आए अनिल पांडेय ने भी विचार रखे। कार्यालय की ओर से सहायक संचालक मनीषा एलेकजेंडर, दीपक ज्योतिषी, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की अध्यक्ष गांधाली कदम सहित समस्त स्टाफ ने पुष्पहार पहना कर स्वागत किया। जेडी डॉ वर्मा ने तिलक व पुष्पहार से स्वागत कर स्टाफ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया।



### स्व. रामकृष्ण यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की

**सागर**। वरिष्ठ पत्रकार उमेश यादव के पिताजी स्व. रामकृष्ण यादव के आकस्मिक देवलोकगमन होने पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह के साथ महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ सुशील तिवारी ने कृष्णगंज वार्ड स्थित यादव के निवास पर पहुंचकर, शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर, श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शैलेंद्र ठाकुर, महेश साहू , अतुल नेमा, नवीन भट्ट, राजीव सोनी सहित गणमान्य नागरिक साथ रहे।

## महंत स्वामी श्री किशोरदास देव जू महाराज कथा का चौथा दिन

# राष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद बापू, कबीर आश्रम के संत श्री रामसजीवन जी एवं गो पीठाधीश्वर विपिन बिहारी जी ने संत समागम में अपनी अपनी कथा का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

आज की कथा में राष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने परप पूज्य जै जै सरकार स्वामी महंत श्री किशोरदास देव जू महाराज को माल्यार्पण कर व्यास पीठ को प्रणाम कर आषीर्वाद लिया। पूज्य बापू जी ने कहा पूरे भारत वर्ष में मध्यप्रदेश, में बंदेलखण्ड, बुंदेलखण्ड में सागर जहाँ सतसंग और भक्ति में सागर खूब सरोवर है संत महापुरूष तो सदा से सागर पर कृपा बनाये हुए हैं। गुरू साधारण व्यक्ति नहीं होता इसीलिए गुरू पर पूर्ण निष्ठा होनी चाहिए और आप किसी की मानो या न मानो गुरू की बात जरूर मानों। आपको हर सिद्धि अवष्य प्राप्त होगी। आपके इष्ट देव कोई भी हो पर कथा में तो लीला भगवान की हो रही है। भगवान की कथा से प्रेम करिये। कथाकार कोई भी हो, आप तो जाकर कथा सुनिये। इससे कल्याण होगा। षिवमहापुराण में मोक्ष के तीन कारण बताये गये हैं या तो श्रवण करो, मनन करो और हरी कीर्तन है। कथा केवल सुननी नहीं है घर पर जाकर इसका मनन करो। जो बात अच्छी लगे उसको जीवन में अपने उतार लो। उसी से भवसागर पार हो जाओगे। हमें जो दुख प्राप्त होता है वह पूर्व के जन्मों का फल है। भगवान के नाम जप से पूर्व के और वर्तमान के दुख दूर हो जाते हैं। जो भी कार्य कर रहे हो वो करो पर नाम जप करो। जो नाम कीर्तन अच्छा लगता हो उसको जपो। हर भक्त ने नाम का सहारा लिया है। और धन्य हो गया। मानव तन का लक्ष्य है भगवान का भजन। कबीर आश्रम के संत श्री रामसजीवन जी ने कहा कि, आज जो स्वर्ण दिवस है कि इस सार को आपने श्रवण नहीं किया तो जैसे दूध का सार दही, दही का सार मक्कखन और घी है इनसब में सार निकलता है। मोक्ष ज्ञान से होता है। मनुष्य जीवन मोक्ष दरबार है। श्रद्धावान को ज्ञान होता है। ज्ञान से भक्ति होती है। भक्ति सबके हृदय में प्रकट नहीं होती। जिसकी अच्छि संगत और अच्छी पंगत होती है उन्हीं को भक्ति प्राप्त होती है। प्रथम फाउंडेषन संस्कार है। ये संस्कार ही आपको श्री भक्तमाल कथा यहाँ बैठकर सुना रहे हैं। परप पूज्यनीय गुरूदेव श्री किषोद दास देव जू ने कहा कि इसी कल्युग में पूज्य पंडित श्री ग्या प्रसाद जी ने रास लीला का दर्षन किया और पूर्ण वैराग्य हो गये। जो षिक्षक थे उन्होंने नौकरी परिवार सब छोड़कर हरि भजन में लग गये। रोज इक्कीस किलोमीटर की गिरिराज जी की परिक्रमा नित्य नियम से नाम जप करते करते उन्हीं के भाव से रीझकर साक्षात दर्षन श्री ठाकुर जी ने दिये। पूज्य सुदामा जी की कुटिया का नाम तो सुना होगा। आज संपूर्ण वृन्दावन में सुदामा कुटी में नित्य हजारों लोगों का प्रसाद होता है। भक्त माल का तात्पर्य यह है कि पूर्व में सत्युग, द्वापर, त्रेता में जो भी महापुरूष हुए हैं, उन्हीं का गुणगान इस भक्तमाल कथा में है। कहता कौन है कि गृहस्थी बुरी है। गृहस्थी की आसकती बुरी है। हमने सहज में सब प्राप्त कर लिया। हमारे जीवन में एक विष्वास, एक बल होना चाहिए। धन बल नहीं, तप बल नहीं, जप बल नहीं केवल श्री ठाकुर जी पर विष्वास करें यही बल है। कथा का यही सार है। जब इन संत चरणों में हामारी प्रीती बड़ेगी, गोविंद की भक्ति में लग जाओ तो तुम्हारा काम बनजायेगा। यदि सद्गुरू के चरणों में प्रेम हो गया तो ठाकुर जी हमारी खोज करेंगे। ऐसा श्री भक्तमाल कथा में प्रमाण है।




आज की कथा एवं संत समागम में संत श्री रावतपुरा सरकार, राष्ट्रीय संत श्री चिन्मयानंद जी बापू, संत श्री रामसजीवन जी कबीर आश्रम, महंत श्री घनष्याम दास जी, श्री अनिल शास्त्री जी दद्दा धाम दमोह हटा, सतना से दादा गुरू, संतोष दास जी सीता नगर दमोह कथा मंच पर विराजमान रहे। आज की कथा की आरती में खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, भाजपा प्रदेष उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, नगर निगम महापौर संगीता डॉ. सुषील तिवारी, प्रताप नारायण दुबे, अजय दुबे, डॉ. अजय तिवारी, डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. सुखदेव मिश्रा, पं. अभिषेक भार्गव, मोनू चैहान, शैलेष केषरवानी, राजीव हजारी, अनिल दुबे, पार्षद शैलेन्द्र ठाकुर, सौमेष जड़यि, डॉ. अंकलेश्वर दुबे, अनुराग प्यासी, प्रहलाद रैकवार, लक्षमण सिंह, नवीन भट्ट, अतुल तिवारी, कुलदीप सोनी, रवीन्द्र अवस्थी ने आरती की।

व्यास पीठ से आषीर्वाद लेने वालों में प्रीतम सिंह देवरी, जयनारायण तिवारी बंडा, प्रमोद उपाध्याय, घनष्याम दुबे, राघवेन्द्र ठाकुर, युवान सोनी, बिट्टु सोनी, षिवम दुबे, अंकुर नायक, चिन्मय पांडे, सानिध्य तिवारी, मनीष कुमार ठाकुर, आदित्य पांडे। रासलीला के व्यवस्था प्रभारी कल्पित पटेल, सीए मयंक केषरवानी, बासु पांडे ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि 08 बजे से 11 बजे तक चल रही है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में कथा में आ रहे श्रद्धालुजन को भोजन प्रसादी भी करायी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### संस्कृत गौरव दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक 11 को होगी

**विदिशा।** शिक्षा विभाग और पंडित गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास के सहयोग से इस वर्ष संस्कृत गौरव दिवस का आयोजन 20-21 अगस्त को होगा। संस्कृत गौरव दिवस का यह आयोजन महर्षि पतंजलि के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर केंद्रित होता है। देश भर के संस्कृत विद्वानों और विदिशा के विद्वानों से रिसर्च पेपर आमंत्रित किए जाते हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी। कार्यक्रम में संस्कृत श्लोक पाठ, निबंध और भाषण प्रतियोगिता होगी। 11 जुलाई को शाम 4 बजे से बैठक आयोजित की गई है।

### देवशयनी एकादशी पर हुई उदयगिरि परिक्रमा

**विदिशा।** मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा आयोजित होने वाली उदयगिरि परिक्रमा रविवार सुबह 6 बजे बालाजी से मंदिर से प्रारंभ हुई। बालाजी महाराज का पूजन का ध्वज हाथ में लेकर भक्त राम घाट, बहरा बाबा घाट, महलघाट, बढ़ वाले घाट स्थित मंदिरों का पूजन करते हुए उदयगिरि पहुंचे। जहां भगवान नरसिंह, भैरव महाराज वराह भगवान का पूजन कर चरण तीर्थ पर वैत्रवती एवं भगवान शिव का पूजन करते हुए वापस बालाजी मंदिर पहुंचे।

विजयपुर सनसनीखेज मामले को लेकर एसपी मंडलोई ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

# नरबलि मामले की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए बना एक चैलेंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के चंदेरा थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर में गोंड बाबा मंदिर के पास हुए युवक की रहस्यमयी हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। मृतक की पहचान ग्राम सतगुआ निवासी अखिलेश कुशवाहा के रूप में हुई है। हत्या की सूचना मिलते ही एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम और चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का प्रारंभिक जायजा लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। मामला गंभीर होने के चलते पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे क्षेत्र की बारीकी से जांच की। वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्य टीमों के साथ मिलकर उन्होंने घटनास्थल का सूक्ष्म अवलोकन किया और वहां मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस हत्या की परत-दर-परत जांच की जाए और अपराध में शामिल तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा न जाए। हत्या के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने एसडीओपी जतारा के नेतृत्व में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन कर दिया है। ये टीमें तकनीकी जांच, संदिग्धों की तलाश, संभावित आपसी रंजिश, मोबाइल डाटा विश्लेषण और चश्मदीदों से पूछताछ जैसे सभी बिंदुओं पर अलग-अलग दिशा में काम करेंगी।

पुलिस इस मामले को लेकर पूरी तरह सतर्क है और सभी जरूरी तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर रही है, ताकि जल्द से जल्द दोषी कानून की गिरफ्त में आ सकें। साथ ही, पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी हो, तो उसे स्थानीय पुलिस के साथ गोपनीय रूप से साझा करें। विजयपुर हत्याकांड को लेकर फिलहाल गांव में दहशत का माहौल है। परिजन व ग्रामीण न्याय की मांग कर रहे हैं। अब देखना होगा कि यह अंधा कत्ल कितने समय में बेनकाब होता है और आरोपी कितनी जल्दी कानून के शिकंजे में आते हैं।

पुलिस के पास शिकायत तक नहीं पहुंची

## मवई टोल प्लाजा पर बेरहमी की रात, डंडों लात घूसों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर से महज 12 किलोमीटर दूर मवई टोल प्लाजा पर रविवार देर रात घटित एक घटना ने सुरक्षा व्यवस्था, जवाबदेही और कानून के डर तीनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आधी रात को टोल कर्मचारियों और दो युवकों के बीच ऐसा विवाद हुआ, जो हाथापाई से बढ़ते हुए सीधे लात-घूंसों और डंडों की बर्बर पिटाई तक जा पहुँचा। घटना देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई है। घटना का सीसीटीवी वीडियो अब सामने आ चुका है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि टोल प्लाजा पर कार्यरत चार से पांच कर्मचारियों ने मिलकर दो युवकों को बेरहमी से पीटा। उन पर लगातार हमला किया गया न कोई डर, न कोई संकोच, और न ही कहीं कोई रोकने वाला नजर आया। कर्मचारियों ने युवकों को खींच-खींचकर मारा और पूरी घटना चुपचाप कैमरे में दर्ज होती रही।

हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर और हिंसक घटना के बावजूद अब तक किसी भी पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इस अजीब से सन्नाटे पर खुद पुलिस भी असहज है। देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव का कहना है कि उन्होंने वीडियो देखा है, परंतु किसी भी पक्ष द्वारा ऋकफ दर्ज नहीं कराई गई है, जिससे पुलिस सीधे कार्रवाई नहीं कर पा रही। घटना की सत्यता और कारणों की पड़ताल वीडियो और अन्य स्रोतों से की जा रही है। यह घटना केवल मारपीट भर नहीं है। यह एक बड़ी चेतावनी है कि जब सार्वजनिक स्थानों पर कानून की मौजूदगी केवल बोर्डों और बैरिकेड्स तक सीमित रह जाए, और जब सीसीटीवी सब कुछ बता रहा हो, फिर भी कार्रवाई शून्य हो तो आम नागरिक किससे उम्मीद करें? इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल मवई टोल प्लाजा पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता और पुलिस की तत्परता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न छोड़ दिए हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस शिकायत नहीं आई के बहाने को कितने दिन थामे रखती है, या स्वतः संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई होती है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को बताया निर्णायक

## ब्रिक्स मंच से आतंकवाद की कड़ी निंदा हमारी कूटनीतिक विजयः डॉ. अभय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025 में भारत को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता उस समय मिली जब संयुक्त घोषणा पत्र में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की तीव्र और स्पष्ट शब्दों में निंदा की गई। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता बताया। डॉ. सिंह ने कहा कि ब्रिक्स जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक मंच से इस तरह की कठोर प्रतिक्रिया भारत में पहली बार देखने को मिली, जब किसी आतंकी घटना को अत्यंत निंदनीय और अपराधपूर्ण घोषित किया गया। यह संदेश न केवल आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर एकजुटता को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि अब दुनिया आतंक के मसले पर चुप नहीं बैठने वाली।

उन्होंने आगे कहा कि यह भारत की विदेश नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व की जीत है, जिन्होंने हमेशा आतंकवाद को वैश्विक खतरा मानकर उसके खिलाफ एकजुट कार्रवाई की मांग की है। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिक्रिया केवल एक बयान भर नहीं, बल्कि यह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ एक सख्त कूटनीतिक तमाचा है। डॉ. अभय प्रताप सिंह का मानना है कि अब भारत आतंक के खिलाफ सिर्फ आवाज नहीं उठा रहा, बल्कि पूरे विश्व को एकजुट कर इस जंग का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने इसे एक ऐसे मोड़ की संज्ञा दी, जहां से भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका और भी मुखर और निर्णायक होती जा रही है।

## आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय बनाने की गई कार्रवाईः सोनी

**पलेरा।** जिले की पलेरा पुलिस ने हाल ही में हुई चार बड़ी चोरियों का खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। थाना प्रभारी मनोज सोनी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम यादव और ए स डी ओ पी जतारा अभिषेक गौतम की निगरानी में अंजाम दिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के रूपनगर, चरखारी निवासी जयसिंह उर्फ छोटे राजा 40 और सूर्यप्रताप उर्फ मनी राजा 23 के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय थे और सुनसान इलाकों में रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। पूछताछ में उन्होंने कबूला कि वे रात के सन्नाटे में, अक्सर 12 से 3 बजे के बीच, ऐसे मकानों को निशाना बनाते थे जहां रोशनी कम और निगरानी न हो। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि चोरी से पहले ये आरोपी अपने कपड़े उतारकर किसी झाड़ी या सुरक्षित स्थान पर छिपा देते थे, ताकि यदि कोई उन्हें देख भी ले तो ग्रामीण समझकर पहचान न पाए। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने करीब 6.27 लाख रुपये मूल्य का माल जब्त किया है, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण, 22 हजार पांच सो रुपये नकद, एक देशी कट्टा, कारतूस और एक चारपहिया वाहन शामिल है। थाना प्रभारी मनोज सोनी ने बताया कि गिरोह शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देता था और उनके निशाने पर सीमावर्ती क्षेत्र अधिक रहते थे। यह कार्रवाई पुलिस की सक्रियता और सख्त निगरानी का नतीजा है। चोरी की घटनाओं से डरे आम नागरिकों ने पुलिस की तत्परता पर भरोसा जताया है और खुले तौर पर प्रशंसा की है कि पलेरा थाना क्षेत्र में अब अपराधियों के लिए जगह नहीं बची। थाना प्रभारी मनोज सोनी ने दोहराया कि, हम आमजन में विश्वास, अपराधियों में भयह्न की भावना के साथ काम कर रहे हैं, और यह कार्रवाई उसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

**पलेरा पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 6 लाख से अधिक की बरामदगी**

बंडा नहर से अतिक्रमण हटाने के बाद बनाई सुरक्षा की मजबूत ढाल

## कार्रवाई के बाद उत्पन्न जोखिम से जनता को बचाने प्रशासन ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर के अम्बेडकर तिराहा से खादी आश्रम तक बंडा नहर पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही के बाद उत्पन्न हुई संभावित जोखिम की स्थिति को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने त्वरित और जिम्मेदार कदम उठाए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के निर्देशन में नगर पालिका द्वारा नहर किनारे आरसीसी स्लैब का निर्माण कराया गया, जिससे न केवल नहर की सुरक्षा सुनिश्चित की गई, बल्कि नहर के समीप स्थित आवासों को भी संरक्षित किया गया।

गौरतलब है कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर बंडा नहर पर वर्षों से जमे अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई हाल ही में की गई थी। इस दौरान कुछ स्थलों पर मकानों के क्षतिग्रस्त होने या गिरने की आशंका बनी हुई थी, जिससे स्थानीय निवासियों में चिंता व्याप्त थी। इस स्थिति को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका प्रशासन ने प्राथमिकता के आधार पर स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाया और नहर के किनारे आरसीसी स्लैब डलवाने का निर्णय लिया, जिससे नहर और उसके आसपास के मकानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर संतोषजनक फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल नागरिकों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल तोड़फोड़ तक सीमित नहीं, बल्कि समुचित पुनर्संरचना और समाधान की दिशा में आगे बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि यदि प्रशासन इसी प्रकार विकास कार्यों को योजनाबद्ध और मानवीय दृष्टिकोण से आगे बढ़ाएगा तो शहर न केवल सुरक्षित बल्कि व्यवस्थित भी बनेगा।

## शिक्षा के आंगन में पनपे हरियाली के बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

शासकीय महाविद्यालय पलेरा में रविवार को ह्यएक पेड़ मां के नाम 2.0ह्न अभियान की भावपूर्ण शुरुआत की गई। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के साथ जन-भागीदारी की भूमिका को भी नए सिरे से रेखांकित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पिछले वर्ष की सफलता को आधार बनाकर इस बार और व्यापक स्तर पर पर्यावरणीय जागरूकता और जन-सहभागिता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में नींबू, अमरूद, जामुन, आम और कटहल जैसे फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस पुनीत कार्य में जनभागीदारी अध्यक्ष संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा, जनभागीदारी सदस्य विजय अहिरवार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरसेवक राजपूत, सुनील व्यास सहित महाविद्यालय के प्राचार्य आरएन पाल, स्टाफ और स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

प्राचार्य आरएन पाल ने अपने उद्बोधन में सभी से आह्वान किया कि वे एक-एक पौधा अवश्य लगाएं, और केवल लगाना ही नहीं, बल्कि उसका संरक्षण और संवर्धन भी सुनिश्चित करें। उन्होंने इस अवसर को विद्यार्थियों और समाज के लिए एक प्रेरणादायक क्षण बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने जनभागीदारी अध्यक्ष संजय अहिरवार की भूमिका की सराहना की और अपेक्षा जताई कि वे अपने कार्यकाल में महाविद्यालय को विकास के नए शिखरों पर ले जाएंगे। पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरसेवक राजपूत ने कहा कि महाविद्यालय का कार्यक्षेत्र केवल दीवारों तक सीमित न रहे, बल्कि समाज में उसकी सकारात्मक छवि और भागीदारी भी बनी रहे। पारदर्शिता, गुणवत्ता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को प्राथमिकता दी जाए।

जनभागीदारी सदस्य विजय अहिरवार ने रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को औद्योगिक भ्रमण, सामाजिक सेवा, और व्यावसायिक ज्ञान से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे वे केवल डिग्रीधारी नहीं, बल्कि समाज के सक्षम स्तंभ बन सकें। पत्रकार सूरज राजपूत और सोनू विश्वकर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में जनभागीदारी अध्यक्ष संजय अहिरवार जिस ईमानदारी और सक्रियता से काम कर रहे हैं, वह महाविद्यालय के लिए निश्चित रूप से सकारात्मक भविष्य का संकेत है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बलराम अग्निहोत्री ने किया। इस मौके पर प्राचार्य आरएन पाल, सामूलाल कोल, लोकेंद्र नरवरिया, डॉ ममता चानना, डॉ ममता कुशवाहा, डॉ प्रमोद रिछारिया, डॉ किदवर मंसूरी, डॉ बृजेश पांडे, डॉ केजी चौरसिया, डॉ सुरजन यादव, डॉ बलराम अग्निहोत्री, के एल चढ़ार, रमेश रैकवार सहित अनेक शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान का भावुक आगाज़**

## संगठन विस्तार के लिए ग्राम समितियों का गठन आवश्यकः किसान संघ

**टीकमगढ़।** जतारा भारतीय किसान संघ, जिला टीकमगढ़ की तहसील जतारा इकाई की मासिक बैठक सोमवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण जतारा में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत भगवान बलराम, भारत माता और संघ के प्रेरणास्रोत दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के पूजन से हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, ग्राम समिति विस्तार, किसान प्रशिक्षण, और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष जानकी अहिरवार ने कहा कि संगठन की असली ताकत गांव-गांव तक पहुंचने में है। प्रत्येक कार्यकर्ता को ग्राम स्तर पर समिति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जिलाध्यक्ष शिवमोहन गिरि ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए नई ग्राम समितियां बनाना समय की आवश्यकता है। इससे केवल संगठन मजबूत नहीं होगा, बल्कि किसानों तक जागरूकता और अधिकारों की जानकारी भी पहुंचेगी। बैठक में आगामी 29 अगस्त को भगवान बलराम जयंती हर्षोल्लास से मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही पूरे जिले में जैविक जागरण रैली निकालने का निर्णय भी लिया गया, जिसमें प्रत्येक तहसील से किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जतारा तहसील अभ्यास वर्ग आयोजित कर किसानों को संघ की विचारधारा, कृषि पद्धतियों और नीति विषयों पर प्रशिक्षण देने की बात भी बैठक में सामने रखी गई। जिला मंत्री राजेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने गांव में ग्राम समिति गठन करना चाहिए ताकि संघ की जड़ें और मजबूत हों।

समाज को एक सूत्र में बांधने, शिक्षा-संस्कार और संगठन को लेकर लिया संकल्प

# गुर्जरगौण ब्राह्मण समाज की आमसभा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




पवित्र कुण्डेश्वर धाम की धरती रविवार को सामाजिक एकता, संस्कृति और दायित्वबोध की साक्षी बनी, जब यहां श्री गुर्जरगौण ब्राह्मण समाज की एक महत्त्वपूर्ण आमसभा का आयोजन हुआ। सभा में बुंदेलखंड और मालवा के विभिन्न जिलों टीकमगढ़, ललितपुर, छतरपुर, सागर, निवाड़ी, इंदौर और भोपाल से सैकड़ों विप्र बंधु शामिल हुए। सभा का मूल उद्देश्य समाज को संगठित कर शिक्षा, संस्कार और सेवा के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करना रहा। सभा में यह स्पष्ट संकल्प लिया गया कि बुंदेलखंड के सभी जिलों में श्री गुर्जरगौण ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी शीघ्र गठित की जाएगी, जो समाजहित और राष्ट्रहित दोनों में सक्रिय योगदान दे सके। वरिष्ठ वक्ताओं और समाजजनों ने सभा में बच्चों को संस्कारित करने पर विशेष बल दिया। कहा गया कि अगर समाज को सशक्त बनाना है तो बेटा और बेटी दोनों को समान शिक्षा दें और जीवन मूल्यों से जोड़ें। केवल कर्मकांड नहीं, आधुनिक शिक्षा भी जरूरी है। समाज के वरिष्ठजनों ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को धर्म, परंपरा और आधुनिक जीवनशैली का संतुलित पाठ पढ़ाएं ताकि वे भविष्य में समाज और देश की सशक्त नींव बन सकें।

सभा में यह निर्णय भी लिया गया कि समाज में जो परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी बेटियों के विवाह हेतु सामूहिक सहयोग की भावना से कार्य किया जाए। साथ ही, समाज के युवाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोज़गार जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देने हेतु आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। सभा में सागर से आए पं. रामनारायण तिवारी ने समाज की पूर्व बैठक अमझरा घाटी में होने का उल्लेख करते हुए कहा कि गुर्जरगौण ब्राह्मण समाज के विप्र बंधु देशभर में फैले हैं, लेकिन बुंदेलखंड में इनकी उपस्थिति विशेष है। अब आवश्यकता है इन्हें एक सूत्र में बाँधने की। हमारी यह यात्रा सामाजिक विकास और आत्मबोध की दिशा में एक अहम पड़ाव है।

सभा में श्री अरविंद द्विवेदी, पं. कृष्णगोपाल द्विवेदी, पं. राजेन्द्र मिश्रा, रमेश द्विवेदी, पुरुषोत्तम द्विवेदी, मनोज मिश्रा, आमोद द्विवेदी, नरेंद्र द्विवेदी बनहट, चंद्रविनोद मिश्रा ललितपुर, ईश्वरदास मिश्रा, पवन द्विवेदी, भगवानदास मिश्रा सहित अनेक गणमान्य विप्रजनों ने अपने विचार रखे और समाज को एकजुट करने का संकल्प दोहराया। सभा में यह भी तय किया गया कि आगामी बैठक ललितपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यकारिणी के गठन और आगामी योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### 76 स्कूल दो साल से इंतजार कर रहे 359 आंगनबाड़ियों के बच्चों का

# ईसीसीई शिक्षा, एक सुर में बोलने के बजाय अपना अपना राग अलाप रहे दो विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ईसीसीई (शाला पूर्व शिक्षा) व्यवस्था को लागू करने के लिए संकल्पित दो विभाग एक सुर में बोलने के बजाय अपना अपना राग अलाप रहे हैं। जिसके चलते नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (आरटीई) से जुड़े इस महत्वपूर्ण निर्णय की पालना जिला सहित प्रदेश में नहीं हो पा रही है। आरटीई की इस महत्वपूर्ण व्यवस्था को लागू करने में जहां स्कूल शिक्षा विभाग ने कुछ चयनित स्कूलों में लागू करने की जो कवायद दो साल पहले शुरू की थी उसके तहत श्योपुर जिले के 18 सरकारी स्कूलों का चयन ईसीसीई के लिए किया था जिन्हें विधिवत चालू तो रखा है लेकिन इन स्कूलों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चे नहीं देने से नए एडमिशन नहीं हो पा रहे हैं। उधर 76 शासकीय प्राथमिक स्कूलों में 359 आंगनबाड़ियां लगाने का जो निर्णय 2 साल पहले लिया गया था, वह भी फलीभूत नहीं हो पा रही है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 3 वर्ष की आयु से शिक्षा देने की नीति कागजों में तो अमल में आ गई है लेकिन जमीनी स्तर पर फिलहाल अमल में आती दिख नहीं रही है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को स्कूलों में बैठाकर शिक्षा दिलाने के लिए जिले के 76 शासकीय प्राथमिक स्कूलों में 359 आंगनबाड़ियां लगाने का निर्णय 2 साल पहले लिया गया था, को-लोकेटेड आंगनबाड़ी के नाम से शुरू की गई इस कवायद को लागू करने के लिए बीते तीन साल यह कहा गया था कि आगामी शैक्षणिक सत्र में इसे लागू कर दिया जाएगा लेकिन जिस तरह की गतिविधि शिक्षा विभाग और महिला बाल विकास विभाग की इस संबंध में दिख रही है उससे फिलहाल यह योजना धरातल पर उतरती दिखाई नहीं पड़ रही है।

वर्तमान में जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 102 के स्थान पर सरकार ने 533.4 पैटर्न नई शिक्षा नीति को स्वीकृति दे दी हैं। इसके लिए मप्र सरकार ने पूरी तैयारी कर ली हैं। इसके तहत श्योपुर जिले में भी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी बैठक कर नीति को अच्छी तरह समझने और उसे लागू करने की तकनीक के बारे में चिंतन-मनन दो साल पहले ही कर चुके हैं। प्रशासन की माने तो वह नई शिक्षा नीति को जिले में तत्काल प्रभाव से लागू करने में समर्थ हैं, लेकिन सरकार की ओर से हो रही देरी के चलते फिलहाल नई शिक्षा नीति अमल में आती दिखाई नहीं दे रहे हैं।



#### स्कूलों में मर्ज नहीं हो सकी आंगनबाड़ियां

नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए उन आंगनबाड़ियों को को लोकेटेड आंगनबाड़ी योजना के तहत स्कूलों में मर्ज करने का निर्णय लिया गया है, जो स्कूलों के आसपास है। इस योजना के तहत श्योपुर जिले में 359 ऐसी आंगनबाड़ियों चिन्हित की गई हैं, जो 76 सरकारी स्कूलों के आसपास लगती हैं। इस योजना के तहत स्कूलों में आंगनबाड़ी लगाकर बच्चों को सांझा चूल्हा योजना के तहत पोषण आहार के साथ-साथ शिक्षा विभाग के माध्यम से शाला पूर्व शिक्षा दी जानी थी। इस कवायद को एक साल बीत गया है, लेकिन अभी तक किसी आंगनबाड़ी को किसी स्कूल में शिफ्ट करने की कार्रवाई नहीं हुई है।

#### ग्रेजुएट सहायिका भर्ती कर दूर करेंगे शिक्षकों की कमी

भले ही स्कूल शिक्षा विभाग और महिला बाल विकास विभाग में ईसीसीई को लेकर ताल मेल नहीं बन रहा हो लेकिन आरटीई के तहत शाला पूर्व शिक्षा को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग गंभीर बना हुआ है। हाल ही में प्रदेश के 19503 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सहायिकाओं की नियुक्ति के लिए विभाग में वैकेंसी निकाली है। अभी तक इस पद पर आठवीं पास महिला को नियुक्ति दी जाती थी लेकिन अब इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 12वीं पास कर दी गई है। साथ ही ग्रेजुएट अभ्यर्थियों को नियुक्ति में 10 बोनस अंक दिए जाएंगे। इसका मतलब साफ है कि अब विभाग आंगनवाड़ी पर आने वाले बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा के लिए गंभीर है। आंगनबाड़ियों में स्कूलों की तरह ईसीसीई क्लास से लगेंगी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ही नहीं सहायिका भी उन्हें पढ़ाने का काम करेंगी।

#### इनका कहना है...

जिले के 18 सरकारी स्कूलों में शाला पूर्व शिक्षा के लिए एडमिशन किया जा रहे हैं बीते 2 साल से यह एडमिशन प्रक्रिया जारी है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब स्कूलों केजी 01 केजी 02 क्लास भी लगनी है। इस संबंध में जैसे निर्देश मिलेंगे पालन किया जाएगा।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ श्योपुर**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की नियुक्ति के लिए अब न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 12वीं पास कर दी गई है। सरकार की मंशा है कि आंगनबाड़ियां सिर्फ पोषण आहार वितरण केंद्र बनकर न रह जाए केंद्र पर आने वाले बच्चे पढ़े बड़े इसके प्रयास सरकार कर रही है।

**महेंद्र सिंह अंब**
**जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्योपुर**

### श्योपुर पहुंचे बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष, छात्रावासों का निरीक्षण कर ली बैठक

# प्रत्येक बच्चे को मिलना चाहिए समुचित सुविधा और शिक्षा: मोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त द्रविंद्र मोरे सोमवार को दो दिवसीय प्रवास पर श्योपुर पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति तथा किशोर न्याय बोर्ड के अधिकारियों के साथ व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में संचालित बाल संरक्षण योजनाओं की प्रगति, बाल श्रम उन्मूलन, छात्रावास व्यवस्था तथा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सहायक संचालक रिशु कुमार सुमन ने बताया कि श्योपुर जिले में वर्तमान में स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत 2163 बच्चों, पीएम केयर्स योजना के तहत 4 बच्चों, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में 26 बच्चों तथा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के अंतर्गत 16 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। आयोग अध्यक्ष मोरे ने बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि संयुक्त कार्ययोजना बनाकर चिन्हित क्षेत्रों में सक्रियता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को शिक्षा और शासन की योजनाओं से जोड़ना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही मोरे ने सभी विद्यालयों और छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के लिए शिकायत पेटी लगाने और उसकी निगरानी हेतु समिति गठित कर हर माह उसमें आई शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



#### छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया

बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष मोरे ने कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास विद्यालय टाइप-3 श्योपुर, शासकीय उत्कृष्ट बालिका छात्रावास विकासखण्ड श्योपुर, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय सैकण्डरी एजुकेशन एवं शासकीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास विकासखण्ड श्योपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छात्रावासों में बच्चों को बेहतर वातावरण मिले, इसके लिए प्रशासन सतत प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग रिशु सुमन, सहायक संचालक, शिक्षा विभाग यश जैन, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अर्चना भूषण, सदस्य गणेश पाराशर, उषा दांतरे, गौरव आचार्य, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य भास्कराचार्य टकसाली व मधुलता सोनी महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने सहभागिता की।

# श्योपुर से भी कांग्रेसी अशोकनगर जाएंगे गिरफ्तारी देने के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर अशोकनगर पुलिस द्वारा की एफआईआर को झूठी बता रही कांग्रेस इस मामले में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। 8 जुलाई को मामले में अपनी गिरफ्तारी देने के लिए जीतू पटवारी अशोकनगर पहुंच रहे हैं उनके साथ प्रदेश भर के कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता भी गिरफ्तारी देने व प्रदर्शन करने अशोक नगर पहुंच रहे हैं। इस क्रम में श्योपुर से भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी अशोक नगर जाएंगे। इस संबंध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें विधायक बाबू जंडेल एवं जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने बड़ी संख्या में इस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। बैठक में इस बात की आशंका जताई गई कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे प्रदेश से अशोकनगर में जीतू पटवारी के समर्थन में एकत्रित हो रहे हैं इसे रोकने के लिए पुलिस कांग्रेस कार्यकर्ता पर भी फर्जी मुकदमे दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर सकती है इसके लिए एक-एक कार्यकर्ता गिरफ्तारी देने के लिए तैयार रहेगा।

# चरनोई की जमीनों को कब्जाने पेड़ काट साफ़ किए जा रहे जंगल

### भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयपुर

चरनोई की जमीन पर खड़े हरे भरे पेड़ों को काटकर पूरा जंगल साफ करने का काम विजयपुर में इन दिनों चोरी छुपे हो रहा है। इस मामले को लेकर दो गांवों के लोग आमने सामने होते दिखाई पड़ रहे हैं। जंगल प्रशासन की अनदेखी से काटे जाने से रोकने एवं ग्रामीणों के बीच किसी तरह का कोई विवाद न हो, इसके लिए मंगलवार को भाजपा मंडल विजयपुर के अध्यक्ष शिवम मुदगल ने विजयपुर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अभिषेक मिश्रा को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि ग्राम शिवलाल पुरा की सीमा के तहत जो जमीन आती है जिस पर फिलहाल वन विभाग काबिज़ है। जहां शिवलाल पुरा के किसान हमेशा से मवेशियों को चराते चले आ रहे हैं। उक्त स्थान पर लगे पेड़ काटकर जंगल साफ करने का काम पड़ोस के गांव दाउदपुर के ग्रामीण कर रहे हैं। शिवलाल पुरा गांव के ग्रामीण जब उन्हें रोकने जाते हैं तो वह यह कहकर भगा देते हैं कि यह ज़मीन शिवलाल पुरा के खसरे में नहीं दाऊद पुर के खसरे में दर्ज है। इस बात को लेकर कई बार दोनों गांवों के ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है। मंडल अध्यक्ष ने एसडीएम से 50 साल पुराने रिकॉर्ड के अनुसार सीमांकन कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व सरपंच रामप्रकाश गुर्जर, पूर्व सरपंच तेसिंग कुशवाह, इशाक खान, बाबू गुर्जर, हसन खान, सलीम खान, प्रहलाद कुशवाह, बाल्कम गुर्जर, महाराज सिंह कुशवाह, हनीफ खान, आमिर खान, शानू खान, रामवीर कुशवाह, सिद्दकी खान, हरिलाल आदिवासी, पप्पू आदिवासी, कलिया आदिवासी, जल्लू खान, राजेन्द्र गुर्जर, इकबाल खान, गणेशा, याकूब खान आदि ग्रामीण व पशुपालक मौजूद रहे।



# ई अटेंडेंस के खिलाफ शिक्षक आज कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकारी शिक्षकों को ई अटेंडेंस लगाने के निर्देश के खिलाफ़ प्रदेश व्यापी अभियान के तहत मंगलवार को शिक्षक मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे। यह जानकारी राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामचरित रावत ने प्रेस नोट जारी कर दी।

जिलाध्यक्ष रावत ने बताया कि राज्य शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव के आह्वान पर प्रदेश भर में मंगलवार को सीएम के नाम ज्ञापन जिला मुख्यालय पर सोपा जाएगा। प्रेस नोट के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष यादव ने शिक्षकों से ई अटेंडेंस नही लगाने की अपील की है। प्रदेश व्यापी अभियान के तहत श्योपुर में भी मंगलवार को शाम 5 से 6 बजे के बीच मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष रावत ने समस्त शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों से शाम 5 बजे श्री हजारेश्वर पार्क में उपस्थित होने की अपील की है। श्री हजारेश्वर पार्क से शिक्षक रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे।

# करंट लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र में एक युवक की उस समय करंट लगने से मौत हो गई, जब वह खेत पर ट्यूबवेल को चालू कर रहा था। यह हादसा रविवार की शाम का है। बडौदा थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बडौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पहाडली निवासी आकाश पुत्र मुन्नीराम आदिवासी रविवार को खेत पर काम कर रहा था, जहां उसे ट्यूबवेल चलाते समय करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। बडौदा अस्पताल में पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्रीमद् भागवत कथा में मनाया नंदोत्सव, भजनों पर जमकर झूमे भक्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के जतीघाट स्थित मधुवन वाटिका में गुरूपूर्णिमा महोत्सव के तहत आयोजित हो रही श्रीमद भागवत कथा में सोमवार को नंदोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया तथा मनमोहक झांकी भी सजाई गई। कथा व्यास आचार्य पं महेन्द्र कौशिक ने जैसे हीं भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाना आरंभ किया तो भक्त जमकर झूम उठे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल में नंद के आनंद भयों जय कन्हैया लाल की सहित अनेकों गाए गए सुंदर भजनों पर श्रद्धालु आनंदित हुए। नंदोत्सव में भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।

कथा व्यास आचार्य पं महेन्द्र कौशिक ने कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकालकर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे।

### 18-19 जुलाई को जिला अस्पताल का दौरा करने आएगी मुस्कान की नेशनल टीम

# अब 'मुस्कान' हासिल करेगा जिला अस्पताल, पूरे मनोयोग से तैयारियों में जुटा अस्पताल प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एनक्यूएएस और लक्ष्य का राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड जीत चुका जिला अस्पताल अब मुस्कान योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड जीतने की तैयारियों में जुटा नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि मुस्कान की नेशनल टीम 18 व 19 जुलाई को श्योपुर जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए आ रही है। नेशनल टीम को निरीक्षण के दौरान श्योपुर जिला अस्पताल में बच्चों के इलाज की सुविधा बेहतर तरीके से मिले, इसकी तैयारियों में अस्पताल प्रबंधन पूरे मनोयोग के साथ जुटा हुआ नजर आ रहा है।

दरअसल जिला अस्पताल में बच्चों के इलाज के लिए पृथक से ओपीडी सहित पीडियाट्रिक वार्ड, एनएनसीयू और पीडियाट्रिक आईसीयू की सुविधा उपलब्ध है। निरीक्षण करने के लिए श्योपुर आने वाली मुस्कान की नेशनल टीम जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान बच्चों के उपचार के लिए उपलब्ध इन सुविधाओं का ही निरीक्षण करेगी और निरीक्षण के दौरान यह सुविधाएं निर्धारित मापदंड पर खरी उतरी तो श्योपुर जिला अस्पताल को नेशनल मुस्कान सर्टिफिकेट तो मिलेगा ही साथ ही नकद प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। इसलिए इन सुविधाओं में कहीं कोई कमी न दिख जाए, इसके लिए सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल तथा आरएमओ डॉ गजेन्द्र सिंह धाकड अपने अपने स्तर से व्यवस्थाओं को खुद देखकर उन्हें बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ओपीडी सहित पीडियाट्रिक वार्ड, पीआईसीयू तथा एसएनसीयू, एनआरसी वार्ड में जो डॉक्टर और स्टाफ अमला पदस्थ है, उन्हें स्वयं सिविल सर्जन आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उपचार की सुविधाओं को और बेहतर किए जाने के लिए निर्देशित कर रहे हैं।




#### दो दिवसीय टीम आएगी निरीक्षण करने

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुस्कान की राज्य स्तरीय टीम श्योपुर जिला अस्पताल का निरीक्षण कर चुकी है और राज्य स्तरीय टीम के निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल की चिकित्सीय सुविधाएं निर्धारित मापदंड के अनुसार मिली है। इसलिए अब मुस्कान की नेशनल टीम जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए श्योपुर आएगी। बताया जा रहा है कि यह नेशनल टीम दो सदस्यीय रहेगी, जो 18 जुलाई को श्योपुर जिला अस्पताल पहुंच जाएगी तथा यह टीम 18 व 19 जुलाई को दो दिन तक जिला अस्पताल में बच्चों के इलाज की सुविधाओं को परखते हुए उन्हें अपनी कसौटी पर कसेगी। वहीं मेटरनिटी वार्ड की सुविधाओ को भी परखेगी। बता दें कि जिला अस्पताल श्योपुर पहले से ही लक्ष्य सर्टिफाइड है।

#### क्या है मुस्कान

बता दें कि मुस्कान की शुरुआत केंद्र सरकार द्वारा 12 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए की गई है। इसमें नवजात एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने एवं रोकथाम योग्य नवजात एवं बाल रुग्णता को कम करने के लिए इस प्रक्रिया को अपनाया गया है। इसमें बच्चे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास सहित बच्चे के सम्प्पर्ण विकास और वृद्धि के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया है। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि जिस तरह से गुणवत्तापूर्ण महिला स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लक्ष्य सर्टिफिकेशन है। उसी तरह से बाल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मुस्कान है। जिला अस्पताल लक्ष्य सर्टिफाइड है। यदि अब जिला अस्पताल मुस्कान सर्टिफाईड हो जाता है तो इससे गुणवत्तापूर्ण महिला और बाल सेवाओं के लिए सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) सर्टिफिकेट मिलने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी।

#### टीम आएगी

मुस्कान की राष्ट्रीय टीम 18 व 19 जुलाई को निरीक्षण करने के लिए आएगी। इस निरीक्षण को लेकर तैयारियां बेहतर तरीके से की जा रही है। हम पूरी तरह से आश्वस्त है कि जिला अस्पताल मुस्कान सर्टिफाईड हो जाएगा।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन, श्योपुर**



#### विहिप कार्यालय परिसर में किया पौधरोपण

श्योपुर। विश्व हिंदू परिषद श्योपुर कार्यालय पर सोमवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध रोपण बहुत ही आवश्यक है, इसलिए सभी लोग न सिर्फ पौध लगाए, बल्कि पेड बनने तक उनकी देखभाल करें। इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान, प्रांत संयोजक अवधेश सिंह, मातृशक्ति प्रांत संयोजिका अनीता सिकरवार, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष दीपक गर्ग, जिला संयोजक कुलदीप सिंह सिसोदिया, जिला सह गो सेवा प्रमुख विशंभर राजपूत, नगर सह गौ सेवा प्रमुख पीयूष गोयल और महावीर बॉथम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



#### शाकिर मोहर्रम कमेटी के सदर बने

श्योपुर। समाजसेवी शाकिर मोहम्मद खान ग्राम ढोढर मोहर्रम कमेटी के सदर निर्वाचित हुए हैं। उनका निर्वाचन सोमवार को आयोजित हुई मुस्लिम समाज की बैठक में सर्व सम्मति से हुआ। ताजिए का मातमी पर्व रविवार को संपन्न होने के बाद सोमवार को मुस्लिम समाज की बैठक ढोढर के इमामबाड़ा पर बुलाई गई। इसमें अभी तक हुए कामों की समीक्षा की गई और आइंदा से ताजियादारी को व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए नई कमेटी का गठन सर्व सम्मति से किया गया। मीटिंग में राजू खान, मिज्जू खान, कादर खान, आसिफ मोहम्मद, मोहम्मद शाहिद, शाहरुख खान, फहीम मोहम्मद बाबू खान, गोप खान, जाविद खान आदि शामिल हैं।

खबर संक्षेप



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत मनाया कन्या जन्मोत्सव

**ललितपुर**। सोमवार को महिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसने 27 नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवजात बालिकाओं को उपहार दिए गए, साथ ही एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत एक पौधा भी भेंट किया गया। नवजात बालिकाओं के परिजनों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं पौधरोपण अभियान के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉक्टर मयंक कुमार शुक्ला, सीएमएस डॉ गजेंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला चिकित्सालय के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## युवा वर्ग को मिला प्रथम पुरस्कार

**राजपुर**। नगर में विराजमान मुनि श्री 108 दुर्लभसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में अनेकों कार्यक्रम चल रहे है, उसी कड़ी में आज सुबह बड़े भगवान का महामस्तकभिषेक किया गया। तत्पश्चात आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज की पूजन की गई। जिसके लिए अष्ट द्रव्य की थालियां सजाओ प्रतियोगिता भी की गई जिसमें युवा वर्ग, बालिका मंडल, महिला मंडल, पुरुष वर्ग, सभी ने अष्ट द्रव्य की थालियां सजाई। आरोन जैन समाज के अध्यक्ष ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए प्रथम पुरस्कार युवा वर्ग को प्रदान किया। जानकारी साझा करते हुए सुमित जैन (विक्की) ने बताया कि दोपहर 3 बजे मुनि श्री का विहार कचनार की ओर हो गया है।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैलाबाग निवासी रंजीत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल, जीतू और कान्हा लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पीपलखेड़ा निवासी मोनू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सचिन कुशवाह व एक अन्य व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फुटेरा निवासी गुलाब सिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामवीर, राजपाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चकेरी पठार निवासी बंसीलाल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भौंरा निवासी बंदना पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से प्रदीप पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वंदना पाल और सुखवती बाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरियाखेड़ी निवासी सुखभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इंग्लिस पाल, मुलायम यादव, शिवकुमार और पुष्पेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## तहसीलदार ने बालक छात्रावास देखा

**शाढ़ौरा**। तहसीलदार एके गौतम ने शाढ़ौरा स्थित बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की जर्जर स्थिति और सफाई व्यवस्था की बदहाली देख तहसीलदार ने गहरी नाराज़गी जताई।

### विशेष नामांकन अभियान में की बैठक में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की

# निर्धन परिवारों का होगा आर्थिक सत्यापन, बच्चों को न्यूनतम शुल्क पर मिलेगा एडमिशन : डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विशेष नामांकन अभियान के अन्तर्गत की गयी बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विगत सत्र 2024-25 में कक्षा 8 उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों का कक्षा 9 में प्रवेश सुनिश्चित कराने, विगत 03 वर्ष में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद पढ़ाई छोड़ने वाली 12 से 18 वर्ष की बालिकाओं का संगत कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित कराने तथा कक्षा 01, 06 व 09 में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत शत-प्रतिशत लाभ दिलाये जाने, अनुसूचित जन जाति की बालिकाओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाये जाने के हेतु निर्देश दिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा वर्तमान सत्र में कक्षा-9 में प्रवेश लेने वाले एवं विगत वर्ष में कक्षा 8 में पढ़ने वाले बच्चों का विकासखण्डवार डाटा जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा समस्त नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने विकासखण्ड के 02-02 ग्रामों के कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं तथा विगत वर्षो में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के उपरान्त पढ़ाई छोड़ने वाली बालिकाओं के अब तक प्रवेश नहीं लेने सम्बन्धी आख्या प्रारूप पर प्रस्तुत की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों से ब्लाकवार 02-02 ग्रामों की प्रस्तुत प्रवेश लेने वाले एवं प्रवेश नहीं लेने वाले छात्र-छात्राओं के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने जिलाधिकारी को समीक्षा के दौरान संज्ञानित कराया गया कि अधिकतर छात्र-छात्राओं के परिजनों ने आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण प्रवेश नहीं लेने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।*जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उक्त स्थिति संगत प्रतीत नहीं होती है ऐसे परिवारों का आर्थिक सत्यापन सम्बन्धित विकासखण्ड के खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराकर शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ दिलाया जाये एवं उनकी आर्थिक कठिनाईयों का यथोचित समाधान कराया जाये। यदि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश नहीं लिया जा रहा है तो जिला विद्यालय निरीक्षक, ललितपुर निकटतम विद्यालय के प्रधानाचार्य से वार्ता कर न्यूनतम शुल्क पर ऐसे छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिन बच्चों के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं अथवा उपरोक्त प्रमाण-पत्रों में संशोधन होना अपेक्षित हो कि ग्रामवार, विद्यालयवार सूची बनाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करायी जाये तथा समन्वय करके उनके उपरोक्त प्रमाण-पत्र वरीयता पर बनवाये जायेगे।

खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने अवगत कराया कि कुछ बच्चों के मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण उनके माता-पिता उन्हें प्रवेश दिलाने के लिए तैयार नहीं है जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे बच्चों की ग्रामवार सूची तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाये जिससे उनके स्वास्थ्य परीक्षण के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, से वार्ता कर छात्र-छात्राओं के चिकित्सीय परीक्षण के सम्बन्ध में कार्ययोजना बनाकर अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें। जिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, को निर्देशित किया गया कि मानसिक रूप से कमजोर बच्चों हेतु समग्र शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षा की व्यवस्था के प्राविधान हेतु ललितपुर में विशेष कैम्प संचालन हेतु महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ को पत्रालेख प्रस्तुत करें

आगामी बैठक में कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रवेश सम्बन्धी सूचना को यू-डायस डाटा के अनुसार ही ब्लाकवार संकलित कर प्रस्तुत की जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ललितपुर यू-डायस के अनुसार ब्लाकवार डाटाशीट बैठक से 02 दिन पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक, ललितपुर को उपलब्ध करायेगें जिससे सूचना को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जा सकें। बैठक में अतिरंजन सिंह जिला विकास अधिकारी, ललितपुर, रणवीर सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, राजीव कुमार भारती जिला कृषि अधिकारी, उमेश चन्द्र जिला पूर्ति अधिकारी, नन्दलाल सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी माध्यमिक शिक्षा विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस कमेटी का शपथ ग्रहण संपन्न

## नव नियुक्त पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्षों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कृष्णा प्रेम पैलेस मवेशी बाजार में मुख्य अतिथि सुधांशु त्रिपाठी एवं विष्ट अतिराहुल रिछारिया विशिष्ट अतिथि कुंवर मुकुट सिंह बलवान सिंह यादव शशि राजा बुंदेला और अध्यक्षता डॉ दयाराम रजक जिला अध्यक्ष की मौजूदगी में संपन्न हुआ त्रिपाठी द्वारा संकल्प पत्र पढ़कर नव नियुक्त पदाधिकारी कार्यकारिणी एवं 6 ब्लॉक अध्यक्षों को शपथ दिलाई जिसमें सभी ने संकल्प लिया कि देश की सांप्रदायिक जातिवादी ताकतों को हराने एवं सामाजिक समरसता और भाईचारा बनाए रखने व संविधान विरोधी ताकतों से संविधान को बचाने के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ काम करूंगा एवं शोषित पीड़ित और वंचितों की सामाजिक न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस की विचारधारा एवं गांधीवादी सिद्धांतों के अनुरूप पार्टी का निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा पार्टी द्वारा जो दायित्व सोपा गया है उसकी ईमानदारी के पूर्वक निर्वहन करुंगा उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है जो गांधीवादी सिद्धांतों पर चलकर आज भी चल रही है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हमारे नेता हैं और उनके नेतृत्व मे मजदूर वंचितों की लड़ाई लडी जाएगी।

**बूथ बूथ तक जाकर कमेटियों को गठित करें:** इस दौरान प्रभारी मुकुट सिंह बुंदेला ने कहा कि कांग्रेस में सभी वर्गों को समाहित किया गया है जिसमें पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के साथ-साथ महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए बूथ बूथ तक जाकर कमेटियों को गठित करें। बलवान सिंह ने कहा कि सभी को कांग्रेस मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। शशि राजा बुंदेला, रामनरेश दुबे, अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉक्टर दयाराम रजक, अजय तिवारी, राहुल रिछारिया ने भी संबोधित किया। वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश रजक पूर्व जिल अध्यक्ष नेहा तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष सुशील रजक जिला उपाध्यक्ष पंकज हुंड़ेत,जिलाध्यक्ष महा सचिव शशिकांत दीक्षित,दीपक रैकवार रतिराम कुशवाहा एडवोकेट दीवान पुष्पेंद्र सिंह बृजेश शांडिल सुरेंद्र सेन कुलदीप यादव आसाराम तिवारी नीरज पाराशर राजा जाहर सिंह इमरान डॉक्टर हुसैन रामदेवी विश्वकर्मा मुन्ना लाल चंदेल राम सिंह यादव संजीव चौरसिया रामदास बमोरी देशपत कल्याणपुर संतोष राय रवि राजा पटेल सीताराम राय बृजेश वंशकार राम भरोसे कुशवाहा असलम खान समरथ कुशवाहा चंदाराजा रामदेवी आशीष दुबे श्याम सुंदर सिरोठिया जितेंद्र विश्वकर्मा उदल सिंह चंदेल राघवेंद्र पनारी सूरज लाल सैदपुर वीरेंद्र सिंह बुंदेला गोकुल नामदेव हीरालाल सेन रवि पटेल साहब सिंह राजपूत गणेश कुशवाहा खड़क सिंह राजपूत भगवान सिंह राजपूत सुखवती चांदनी ममता राजा गजेंद्र सिंह बुंदेला जय हिन्द सिंह बुंदेला पुरुषोत्तम चंदेल सौरई संजय जैन बालाबेहट रितेश सिंघई रवि राजा महरौनी आदि उपस्थित थे।




## लक्ष्मीबाई केलकर का जन्म दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया

### संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया गया

**ललितपुर**। राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा लक्ष्मीबाई केलकर का जन्म दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि जीजीआईसी प्रधानाचार्या अंजना वर्मा, आरएसएस के जिला प्रचारक वीर जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया गया। मुख्य वक्ता ने भारतीय संस्कृति, मातृशक्ति का समाज में योगदान, पंचतत्व, भगवान ध्वजा का महत्व बताया। जिला कार्यवाह आरएसएस आशीष चौबे, मातृ शक्ति रूचिका बुन्देला, सुनीता पंथ, मनविन्दर कौर, बजरंग दल जिलाध्यक्ष प्रतिभा, जिला सम्पर्क प्रमुख अर्चना जायसवाल, नगर सम्पर्क प्रमुख लक्ष्मी, व्यवस्था प्रमुख सृष्टि मौजूद रहीं। संचालन जिला शारीरिक प्रमुख श्रेया ने व आभार जिला कार्यवाहिका राधिका ने व्यक्त किया।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाएं: हितानंद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा शनिवार को अल्प प्रवास पर अशोकनगर न्यू रेस्ट हाउस आए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अपने अपने बूथों पर अथवा जहां उचित जगह मिले अवश्य लगाएं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी पूर्व विधायक जजपाल सिंह नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया जिला महामंत्री नंदलाल यादव मुकेश कलावत रविंद्र लोधी दो जय मंगल यादव शैलेंद्र त्रिपाठी सनत शर्मा अशोक रघुवंशी अतुल रघुवंशी भान कुमारी यादव सत्येंद्र कलावत प्रताप सिंह यादव राजकुमार रघुवंशी संदीप रघुवंशी शिवराम सिंह यादव सुनील रघुवंशी मुकेश रघुवंशी प्रांजल जैन विक्की जैन मुकेश पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हिंदूवादी संगठनों ने मिलकर जिलाधिकारी के आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन किया

# डंपर चालक ने सड़क किनारे खड़ी गो माता को मारी जोरदार टक्कर, दुर्घटना में छह की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बजरंग सेना,गौ पुत्र सेना सहित बहुत से हिंदूवादी संगठनों ने मिलकर जिलाधिकारीअक्षय त्रिपाठी के आवास पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा जिसमें अवगत कराया गया कि विगत एक दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें बहुत ही गाय माता मृत अवस्था में ग्राम मिर्चवारा में सड़क पर पड़ी हुई थी जो मिर्चवारा पावर बजाज पावर प्लांट के राख के डंपरो द्वारा कुचली गई है जिसके प्रत्यक्षदर्शी समस्त ग्रामवासी है लगातार बजाज पावर प्लांट चिगलौआ की घोर अनियमितताएं सामने आ रही हैं जिसके चलते आज बजाज पावर प्लांट की डंपरों द्वारा अनेक गाय माता को कुचल दिया गया हैज्ञापन में बताया गया कि बजाज पावर प्लांट के डंपर बहुत ही तेज गति से निकलते हैं जिससे कुछ दिनों पूर्व एक लड़की भी डंपर की चपेट में आकर मर चुकी है पर शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी आखिर क्यों बजाज पावर प्लांट की मनमानी की सजा यूं ही ग्राम वासियों को और अन्ना जानवरों को मिलती रहेगी

ज्ञापन में बताया गया कि डंपरों के ड्राइवर शराब के नशे में धुत होकर आते रोज आम जनमानस को क्षति पहुंचाते रहते हैं और वहां से निकली हुई राख से आम जनमानस को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सभी प्रदर्शनकारियो ने जल्द से जल्द बजाज पावर प्लांट के राख वाले डंपरों को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए माननीय जिलाधिकारी से आग्रह किया गया और सभी दोषियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही सजा होनी चाहिए ,इनकी तेज गति को नियंत्रित करने के लिए उसे क्षेत्र में आरटीओ साहब की ड्यूटी लगाने का भी आग्रह किया। सभी सनातनी हिंदूवादी संगठनों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बजाज पावर प्लांट के डंपरों को नहीं रोका गया तो आगे चलकर सभी हिंदूवादी संगठन सभी गौ सेवक मिलकर बहुत ही उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी समस्त जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देते समय पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला, डॉक्टर दीपक पस्तोर, प्रशांत शुक्ला, शुभम पस्तोर, मनीष दुबे, उमेश भोड़ेले, खुशाल समैया, रामकुमार तिवारी, दीपक नायक, श्याम दीक्षित, हरेंद्र राजा, जयराम सेन, आदर्श दुबे, संजय सिंह लोधी, जनक कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, अजय सिंह बुंदेला, अनुज शर्मा, शिवम तिवारी, पुष्पा झा, जितेन्द्र नायक, नितिन तिवारी मोनू, मयूर रावत, विकास झा, आलोक चतुर्वेदी, संजय कटारे, दीपेश उपाध्याय, विनीत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### 33 जेसीबी से होगी पुष्प वर्षा

## मुनिश्री सुधासागर महाराज की भव्य अगवानी को लेकर बनाए जा रहे हैं 60 स्वागत द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत और निर्यापक मुनि श्री सुधासागर महाराज की भव्य अगवानी को लेकर अशोकनगर शहर में जैन समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। 33 वर्ष बाद मुनिश्री का आगमन अशोकनगर में होने जा रहा है।

अशोकनगर जैन समाज के साथ शहर के सभी समाजजनों में मुनिश्री के आगमन को लेकर उत्साह है। और अनेक जनप्रतिनिधि मुनिश्री के साथ पैदल विहार में शामिल हुए। मुनिश्री की अगवानी को लेकर जो तैयारी जैन समाज ने की है उसमें 108 वाहनों से अगवानी की जाएगी। 121 चांदी की थालिओं में पाद प्रक्षालन होगा। 60 स्वागत द्वार, 4 सिंग द्वार, 33 जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा, 60 ट्राला से पुष्प वर्षा, दो ड्रोन से पुष्प वर्षा, 15 किलोमीटर तक रंगोली, 10 बैंड, 54 ढोल,21 घोड़े, 2 हाथी, 101 बालिकाओं द्वारा अभिनंदन नृत्य और 11 डीजे से महिला संगठनों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तूती की प्रदान की जाएगी।

मुनिश्री का भव्य आगमन ऐतिहासिक स्तर पर स्वागत के साथ होगा। 10 जुलाई की दोपहर में गुरूपूर्णिमा के मौके पर मुनिश्री द्वारा गुरू की महिमा पर प्रकाश डाला जाएगा। अशोकनगर शहर में लाखों श्रद्धालु पूरे वर्ष भर इस आयोजन में शामिल होगें। मुनिश्री राघौगढ से बजरंगगढ, बाजिदपुर, शाढ़ौरा होते हुए अशोकनगर पहुंचेगें।

### संगोष्ठी, पौधरोपण का आयोजन

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर जिले भर में भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



भाजपा के पितृ पुरुष, जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 6 जुलाई रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के 17 मंडलों के 778 बूथों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। साथ ही संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी किया गया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा जिले के चंदेरी भाजपा कार्यालय में भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पौधरोपण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी के विचार हमें राष्ट्र सेवा की भावना और संगठन निर्माण के संकल्प की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने जनसंघ के रूप में जो बीज लगाया था,वह आज भाजपा के रूप में फलदार वृक्ष बन गया है,जिसकी छाया में भाजपा कार्यकर्ता जन सेवा और राष्ट्र निर्माण में लगे हुए हैं।

इस दौरान अशोकनगर शहर मंडल द्वारा स्थानीय गांधी पार्क स्थित विश्राम ग्रह बूथ क्रमांक 100 में आयोजित कार्यक्रम में डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया गया। साथी संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद विश्राम गृह परिसर में पौधरोपण किया गया। वहीं ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र लोधी द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, जिला महामंत्री नंदलाल यादव रविंद्र लोधी, मुकेश कलावत,जिला मंत्री मनोज शर्मा मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी,पूर्व नपा उपाध्यक्ष, पार्षद महेंद्र भारद्वाज, धर्मेंद्र रघुवंशी जिला मीडिया प्रभारी डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी, सत्तू लोधी,महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना, रानी यादव नगर उपाध्यक्ष संदीप रघुवंशी डंगोरा, अजय सेन, अनिल शर्मा,संतोष रजक, शिवराम सिंह यादव,राजकुमार रघुवंशी, प्राजंल जैन,हेमन्त सैन,धर्मेंद्र रघुवंशी,प्रदीप शर्मा,विष्णु शर्मा, आलोक शर्मा, विकास जैन, नीरज शर्मा, बाबा शिवहर, मुकेश ओझा कपिल शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## चातुर्मास प्रारंभ होने, देवशयनी एकादशी पर किया अखंड गीता पाठ व वैदिक यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति के सभी सदस्यों व श्रद्धालुओं द्वारा श्री युगल सरकार मन्दिर सत्संग हॉल में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र एवं श्रीमद्भगवद्गीता जी की पूजा कर शंखध्वनि के साथ करन्यास, हृदयादि न्यास व संकल्प के साथ अखण्ड गीता पाठ किया।

हमारे ऋषि-मुनियों ने चातुर्मास का विशेष महत्व बताया है सभी शास्त्रों में भी वर्णित है देव शयनी एकादशी से देव प्रबोधिनी एकादशी तक चातुर्मास माना जाता है इस समय प्रत्येक व्यक्ति को अपना आहार-विहार शुद्ध व संयमित रखना चाहिए, नियमित योगाभ्यास, मंत्र जप, यज्ञ, दान, तप, ध्यान,श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय करना चाहिए। इस समय व्यक्ति ब्रह्मचर्य पालन, भूमि शयन, मौन का अभ्यास, अपने शरीर, वाणी और मन के तप का अभ्यास करना चाहिए। श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति के सभी भक्तजन चातुर्मास में श्रीमद्भगवद्गीता जी के श्लोक कंठस्थ करेगें, और जन जन को श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। समिति द्वारा युगल सरकार मन्दिर में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा जिसमें रक्तदान कर जरूरत मंद रोगियों की सहायता हो सके। अखण्ड गीता पाठ के पश्चात सभी ने वैदिक यज्ञ किया।

रामबाबू शास्त्री, राजीव पचौरी, राजेंद्रसिंह, रश्मि रघुवंशी, हेमन्त सोनी, दिनेश ,रमनसिंह, मनेद्रसिंह, जयमंडलसिंह, नेपालसिंह, गायत्री रघुवंशी, गणेशराम यादव, नेपालसिंह, लाखनसिंह, रमेशचंद शर्मा, सीतारामसिंह, विनोद सिहारे, शीलकुमार आदि मौजूद थे।